नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

पद्मश्री प्रो. सुखदेव थोरात के साथ विद्यार्थियों की चर्चा

वर्धा दि. 15 दिसंबर 2015: भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के अध्यक्ष तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व अध्यक्ष पद्मश्री प्रो. सुखदेव थोरात ने मंगलवार को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के शोधार्थी एवं विद्यार्थियों के साथ विभिन्न अकादमिक एवं शोध संबंधी मुद्दों को लेकर चर्चा की।

विश्वविद्यालय के नागार्जुन सराय के लॉन में हुई चर्चा के दौरान उन्होंने भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा चलायी जा रही अनुसंधान की योजनाओं की जानकारी विद्यार्थियों को दी। शोध के लिए भेजे जाने वाले प्रस्ताव किस प्रकार के विषयों को लेकर भेजने चाहिए और अंतरानुशासनिक विषयों में किस प्रकार से अनुसंधान की आवश्यकता है, इन बातों से भी उन्होंने विद्यार्थियों को अवगत कराया। चर्चा में विद्यार्थियों ने अपने शोध को लेकर प्रश्न उपस्थित किए जिसका प्रो. थोरात ने बड़ी ही सहजता से समाधान किया।

चर्चा में डॉ. एम. एल. कासारे, सहायक प्रोफेसर संदीप सपकाले, राकेश मिश्र, शैलेश मरजी कदम, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे तथा छात्र रामायण पटेल, विजेंद्र मीना, अंबरीष प्रजापति, भावना मासीवाल, सुनील बाठरी, ज्योति गिरी, अमित कुमार, ज्ञानचंद्र पाल, नवनीत कुमार, आशु यादव, संदीप कुमार, फिराज नंदा, चेतन सिंह, श्रीनारायण सिंह गौतम, वीरेंद्र गांधी, रंजीत कुमार एवं शोधार्थी चंद्रकांत हिवरे आदि ने सहभागिता की। दो घंटे तक चली चर्चा के अंत में राकेश मिश्र ने प्रो. थोरात का आभार व्यक्त किया।